# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 19 जुलाई 2025








GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

**Rajasthan Current Affairs**

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

**Yesterday, Quiz:**

# Q. हाल ही में राजस्थान का पहला स्नेक पार्क कहां बनकर तैयार हुआ है?

(a) जयपुर
(b) उदयपुर
(c) कोटा
(d) इनमें से कोई नही

- कोटा में राजस्थान का पहला स्नेक पार्क बनकर तैयार हो गया है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) ने भी यहाँ विभिन्न प्रजातियों के सांपों को रखने की स्वीकृति दे दी है।
- स्नेक पार्क में 29 प्रकार के भारतीय, अमेरिकी, ऑस्ट्रेलियाई और कई अन्य प्रजातियों के सांप रखे जाएँगे।
- पर्यटक यहाँ सांपों की दुनिया को करीब से देख सकेंगे।
- 2021 में सर्प पार्क के निर्माण को मंज़ूरी मिली।
- राज्य सरकार ने इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया। भवन बनकर तैयार है।

01. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सौर ऊर्जा उत्पादन में कितने मेगावाट क्षमता के साथ राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है?

(A) 37818 मेगावाट

(B) 31967 मेगावाट

(C) 5208 मेगावाट

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦देश में सबसे ज्यादा अक्षय ऊर्जा (सौर, पवन ऊर्जा, बायोमास) प्रोजेक्ट में राजस्थान ने एक बार फिर पहला स्थान हासिल कर लिया है।

♦सौर ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर 31967 मेगावाट के साथ

♦नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की इस वर्ष जून की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान की अक्षय ऊर्जा क्षमता 37818 मेगावाट है, जबकि गुजरात 37494 मेगावाट के साथ दूसरे स्थान पर है।

♦हालांकि, राजस्थान सौर ऊर्जा क्षमता में कई वर्ष से पहले पायदान पर बना हुआ है, लेकिन पवन ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान देश में 5वें स्थान पर 5208 मेगावाट के साथ

**02. चीन में 11वीं एशियाई यूथ महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप हेतु भारतीय टीम में राजस्थान से किसका चयन हुआ है?**

(a) ममता

(b) मुस्कान

(c) उपरोक्त दोनों

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- ♦ 11वीं एशियाई यूथ महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप
  - स्थान – जियांग्शेन (चीन)
  - तिथि – 18 से 26 जुलाई 2025
- ♦ भारतीय टीम में राजस्थान की प्रतिभाएं –
  - ममता – पीवट पोजिशन
  - मुस्कान – लेफ्ट बैंक पोजिशन
- ♦ दोनों खिलाड़ी जयपुर स्थित राजस्थान महिला हैंडबॉल अकादमी से चयनित
- ♦ टीम की कोच – मनीषा राठौड़
- ♦ भारतीय यूथ महिला हैंडबॉल टीम –
  - • कप्तान – कनिष्का • उप-कप्तान – नैना

**03. मानव तस्करी पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन कहां किया जा रहा है?**

(A) जयपुर

(B) बीकानेर

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦18 जुलाई को मानव तस्करी पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में शुरू हुआ।

♦यह पहल राजस्थान पुलिस मुख्यालय की सिविल राइट्स और एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग शाखा द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के तहत की जा रही है।

♦सम्मेलन में मुख्य रूप से बंधुआ मजदूरी, यौन तस्करी और सीमा पार तस्करी जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

♦इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी के सभी प्रमुख पहलुओं पर गहराई से विचार-विमर्श करना है

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**04. हाल ही में किस राज्य सरकार ने शिक्षकों के बच्चों के लिए एक नई छात्रवृत्ति योजना शुरू की है?**

(A) हरियाणा

(B) मध्यप्रदेश

(C) राजस्थान

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने शिक्षकों के बच्चों के लिए एक नई छात्रवृत्ति योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों के परिवारों को आगे बढ़ाने में मदद करना है.
- इस योजना के तहत, शिक्षकों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए 3000 से 7500 रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी. इसके लिए आवेदन 18 अगस्त तक ऑनलाइन करना होगा.
- इस योजना के तहत, शिक्षकों के बच्चों को विभिन्न कोर्सों के लिए अलग-अलग राशि की छात्रवृत्ति दी जाएगी.
- इस योजना का लाभ केवल उन्हीं शिक्षकों को मिलेगा, जो किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था में पिछले 5 सालों से कार्यरत हैं.

05. इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2025 में राजस्थान के सुंदर सिंह गुर्जर ने भाला फेंक में कौनसा पदक जीता?

(a) स्वर्ण पदक

(b) रजत पदक

(c) कांस्य पदक

(d) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➡ बैंगलुरू में आयोजित 7वीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2025 में राजस्थान के सुंदर सिंह गुर्जर ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता है

♦करौली जिले के सुंदर सिंह गुर्जर ने भाला फेंक में : F-46 कैटेगरी में 72.25 मीटर दूर थ्रो करते हुए स्वर्ण पदक जीता

🥈 रजत पदक: मंजीत – 54.56 मीटर

🥉 कांस्य पदक: प्रदीप कुमार – 45.17 मीटर

♦पेरिस पैरालिंपिक 2024 में राजस्थान के सुंदर गुर्जर ने जेवलिन थ्रो (F 46) में ब्रॉन्ज मेडल जीता

06. वियतनाम में आयोजित सब जूनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भीलवाड़ा की पहलवान अश्विनी बिश्नोई ने कौनसा पदक जीता है?

(A) कांस्य पदक

(B) रजत पदक

(C) स्वर्ण पदक

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान में भीलवाड़ा की 17 साल की पहलवान अश्विनी बिश्नोई ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अश्विनी ने लगातार तीसरे साल सब जूनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है।

♦हाल ही में वियतनाम में सम्पन्न सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में अश्विनी ने चीन की पहलवान को हराकर गोल्ड मेडल जीता। इसी चैंपियनशिप की मिट्टी स्पर्धा में भी उन्हें गोल्ड मेडल मिला।

♦राष्ट्रीय स्तर पर अब तक कुल 14 मेडल जीत चुकी है

07. दुनिया का पहला अंतरराष्ट्रीय बाघ संग्रहालय राजस्थान में कहां बनाया जाएगा?

(a) अजमेर

(b) अलवर

(c) भरतपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SEARCH ENGINE
SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥ दुनिया का पहला अंतरराष्ट्रीय बाघ संग्रहालय अलवर में बनाने की तैयारी चल रही है। इसकी घोषणा केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने की है। इस संग्रहालय में बाघों से जुड़ी प्रदर्शनी व जानकारियां होंगी

♦कटीघाटी में बनने वाले चिड़ियाघर के आसपास ही इसे बनाने की योजना है ताकि पर्यटकों को एक साथ संग्रहालय, चिड़ियाघर व सरिस्का देखने को मिल सकें

♦यहां बनने वाला अंतरराष्ट्रीय बाघ संग्रहालय होगा, जिसे देखने देश-विदेश से पर्यटक आएंगे।

08. राजस्थान द्वारा किस राज्य के साथ मिलकर प्रदेश के 7 जिलों को जोड़ते हुए चीता कॉरिडोर विकसित किया जाएगा?

(a) उत्तरप्रदेश

(b) मध्यप्रदेश

(c) उपरोक्त दोनों

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में मध्यप्रदेश, और उत्तरप्रदेश को जोड़ते हुए चीता कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। यह कॉरिडोर प्रदेश के सात जिलों को जोड़ेगा।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की ओर से जारी कार्ययोजना के अनुसार इस कॉरिडोर में 17 हजार वर्ग किलोमीटर का कॉरिडोर बनाया जाना है, जिसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का कुछ क्षेत्र शामिल है।
- राजस्थान में कॉरिडोर का क्षेत्रफल करीब 6500 किलोमीटर है, जिसमें कोटा संभाग के चार जिले कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ के साथ ही चित्तौड़गढ़ जिले के सवाई माधोपुर, करौली और रावतभाटा शामिल हैं

**09. भारतीय सेना ने हाल ही में किस स्वदेशी विकसित वायु रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण लद्दाख में किया है?**

(A) नाग मिसाइल

(B) आकाश प्राइम

(C) ब्रह्मोस

(D) अस्त्र मिसाइल



**Important Facts:**

♦ भारतीय सेना ने अपनी वायु रक्षा क्षमता को मजबूत करने के लिए आकाश प्राइम का सफल परीक्षण लद्दाख में किया।

♦ यह आकाश प्रणाली का उन्नत संस्करण है, जो स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है और इसमें एक्टिव RF सीकर लगा है, जिससे यह किसी भी मौसम और इलाके में सटीक निशाना लगा सकता है।

♦यह मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जिसे 4,500 मीटर की ऊँचाई तक तैनात किया जा सकता है

♦और यह 25-30 किलोमीटर तक हवाई खतरों को नष्ट कर सकती है।

**10. हाल ही में किस विदेशी विश्वविद्यालय ने भारत में अपना पहला परिसर स्थापित किया है?**

(A) ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी

(B) यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन

(C) हार्वर्ड यूनिवर्सिटी

(D) कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी

**Important Facts:**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संयुक्त रूप से गुरुग्राम, हरियाणा में यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन के पहले भारतीय परिसर का उद्घाटन किया।
- यह ऐतिहासिक कदम यूजीसी के नए नियमों के तहत भारत में पूरी तरह कार्यरत पहला विदेशी विश्वविद्यालय परिसर बनने का अवसर प्रदान करता है।
- इससे भारतीय छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा अपने देश में ही मिल सकेगी।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में एक जिला एक उत्पाद पुरस्कार 2024 में राजस्थान को A श्रेणी में कौनसा पदक मिला है?**

(a) स्वर्ण पदक

(b) रजत पदक

(c) कांस्य पदक

(d) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

GK Search Engine Mobile App

◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆

💠 क्या मिलेगा? 👇👇👇👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

🔲 अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine